# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468


## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व० इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 31 अक्टूबर 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व० इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि 'राष्ट्रीय संकल्प दिवस' के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी स्व० इंदिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, अन्य मंत्रिगण एवं गणमान्य लोगों ने भी स्व० श्रीमती इंदिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यापण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं गीत प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना एवं शांति पाठ का भी आयोजन किया गया।

.....................................................